बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा, दिल्ली - ११००३४

कक्षा- पाँचवीं (२०२०-२०२१)

कहानी - गिरगिट का सपना उपविषय – शब्दार्थ, वाक्य बनाओ तथा मुहावरे

दिनांक - २१/१२/२०२० से २४/१२/२०२०

शिक्षण अधिगम :-

१. कक्षा का प्रत्येक छात्र पाठ में आए कम से कम पाँच शब्दों के अर्थ जान सकेगा।

२. छात्र शब्दों के अर्थ समझ कर कम से कम पाँच वाक्य बना सकेंगे।

३. प्रत्येक छात्र कम से कम चार -पाँच मुहावरों के अर्थ बता सकेगा।

४. छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि होगी।

शब्द - अर्थ

शब्द	अर्थ
१- तकलीफ़	कष्ट
२- कामना	इच्छा
३- अजनबी	जिससे जान-पहचान ना हो
४- महसूस	अनुभव
५- कामयाबी	सफलता
६- पोली	खोखली
७- सतर्क	सावधान
८- मस्ती	आनंद

नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएँ :-

१.आसानी____

____

२.तलाश____

____

३.मज़ा चखाना____

____

४.हैरान____

____

५. मस्ती____

____

BH

मुहावरे

वाक्य का वह अंश जो अपने शब्दों का सामान्य अर्थ न देकर कोई विशेष अर्थ प्रकट करता है, मुहावरा कहलाता है।

मुहावरे

१. अँगूठा दिखाना - साफ़ मना कर देना

२. आँखें बिछाना - आदर सत्कार करना

३. आँखों में धूल झोंकना - धोखा देना

४. आग बबूला होना - बहुत क्रोध करना

५. घोड़े बेचकर सोना - निश्चिंत होकर सोना

६. कान पर जूँ तक न रेंगना - बिलकुल ध्यान न देना

७. अपने पैरों पर खड़े होना - आत्मनिर्भर होना

८. सिर धुनना - पछताना

९. दिन-रात एक करना - बहुत मेहनत करना

१०. घी के दीये जलाना - खुशियाँ मनाना

चित्रों को देखकर मुहावरा बताइए :-